गमड्रॉप कार और चिट्ठी

वैल बिरो



गमड्रॉप कार और चिट्ठी

वैल बिरो

एक दिन मिस्टर ओल्डकैसल ने एक पत्र लिखा. उन्होंने अपने पोते डैन को एक महत्वपूर्ण पत्र लिखा.

"बेहतर होगा कि मैं दौड़ कर चिट्ठी पोस्ट कर दूं," उन्होंने कहा, और फिर वो छोटी लाल पोस्ट-ऑफिस की वैन की ओर दौड़े.

"ज़रा रुको, मेरी प्रतीक्षा करो!" दौड़ते हुए मिस्टर ओल्डकैसल हांफने लगे. लेकिन डाकिया उनकी बात नहीं सुन पाया. वो अपनी डाक वैन में चढ़कर चला गया.

"और वो आज की आखिरी पोस्ट है!" मिस्टर ओल्डकैसल ने कहा. "लेकिन डाकिया ज़्यादा दूर नहीं गया होगा – मैं अपनी कार में उसे पकड़ लूँगा!"



फिर वो अपनी गमड्रॉप कार में बैठे और उन्होंने वैन का पीछा किया. "गमड्रॉप, पोस्टमैन को पकड़ लेगी," उन्होंने कहा. "वह एक अच्छी कार है. वो बाकी कारों से बेहतर है!"



लेकिन तभी उनके रास्ते में एक बड़ी लाल बस आ गई.

"क्या आपने पोस्ट की छोटी लाल वैन देखी है?" उन्होंने पूछा.

"हाँ," ड्राइवर ने कहा, "उसने अभी-अभी मुख्य सड़क छोड़ी है!"



लेकिन तभी एक ट्रक ने उनका
उनका रास्ता रोक लिया.
"क्या आपने डाक की छोटी लाल वैन देखी है?" मिस्टर ओल्डकैसल ने पूछा.

"वो वहां है!" ट्रक ड्राइवर ने कहा. "आप जरा जल्दी करें! लेकिन क्या आपकी पुरानी कार उतनी तेज़ दौड़ पाएगी?"
"गमड्रॉप एक बढ़िया कार है!" मिस्टर ओल्डकैसल ने उत्तर दिया.

उन्होंने वैन का पीछा किया. लेकिन उन्हें फिर से रुकना पड़ा. क्योंकि उनके सामने एक क्रेन आ गई थी.





“बड़ी परेशानी और मुश्किल है! लेकिन हम जल्द ही डाक की वैन को को पकड़ लेंगे," मिस्टर ओल्डकैसल ने कहा, और फिर वो तेज़ी से आगे चले.

"हे भगवान, वो कहीं आस-पास ही होगी," उन्होंने शिकायत की, क्योंकि अब गमड्रॉप गोल-गोल चक्कर काट रही थी. तभी उन्हें सड़क किनारे एक ट्रैक्टर दिखाई दिया.



"आप उसे ज़रूर पकड़ पाएंगे!" ट्रैक्टर के ड्राइवर ने कहा. और तभी उनके पीछे से छोटी लाल डाक वैन तेज़ी से निकल गई!

हमारी सारी मेहनत बेकार गई. उन्होंने फिर से लाल वैन खो दी. तभी उन्हें एक ट्रेन दिखाई दी.

"हाँ आप उसे पकड़ सकते हैं," ट्रेन ड्राइवर ने कहा, "यदि आप अपनी पुरानी कार को उस गली में ले जा सकें."

गली एक चढ़ाई पर थी और गमड्रॉप के लिए उस पर चढ़ना मुश्किल था. फिर मिस्टर ओल्डकैसल ने कार को गियर लगाकर छोड़ दिया और वो बाहर निकले और दौड़े. फिर वो रुके और उन्होंने इधर-उधर देखा.

उनके बिल्कुल नीचे डाकिया था. वो कुछ गायों को देख रहा था. गमड्रॉप गली से नीचे उतरी. "अब हम उसे जरूर पकड़ लेंगे!" मिस्टर ओल्डकैसल ने कहा.

"मेरे पास अपने पोते डैन को भेजने के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण चिट्ठी है," उन्होंने डाकिए से कहा. "कृपया क्या आप इसे पोस्ट कर सकते हैं? इसमें जन्मदिन का एक जरूरी सन्देश है."

"मुझे आपकी मदद करके ख़ुशी होगी!" डाकिए ने कहा. फिर उसने तेज़ी से अपनी छोटी लाल वैन को दौड़ाया.



"चलें अब फिर से घर की ओर," मिस्टर ओल्डकैसल ने कहा.

लेकिन उनका घर किस तरफ था? चिट्ठी को पोस्ट करने के लिए आज वो बहुत दूर निकल आए थे. तभी उन्होंने एक चिन्ह देखा.

"वो रास्ता जाना-पहचाना लगता है!" उन्होंने कहा. "देखो, वो छोटी लाल वैन मुझे मेरे पोते डैन के घर तक ले आई है!"

और डैन वहीं पर खड़ा था.

"दादाजी!" चिल्लाते हुए डैन, गमड्रॉप कार की ओर दौड़ा.

"क्या आप मेरा जन्मदिन मनाने के लिए आए हैं?"

"नहीं," मिस्टर ओल्डकैसल ने कहा, "मैं बस तुमसे कुछ बातचीत करने लिए रुक गया था."

"सच में, मैंने अभी-अभी तुम्हें एक चिट्ठी पोस्ट की है."

"यह तो बहुत अच्छी बात है!" डैन ने
कहा और फिर वे दोनों हंस पड़े.

समाप्त